स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 25.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांन्तर्गत छठ पुजा का का त्योहार बड़े धुम धाम से पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए निगम भिलाई द्वारा की गई आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर निगम भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव ने बुधवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाबों पर जहॉ पुजा, अर्चना का कार्य किया जाना है ऐसे तालाबों का प्रातः से ही निरीक्षण किया गया। महापौर श्री यादव ने शीतला तालाब के किनारे में स्थित शीतला मंदिर में जाकर पुजा किया गया।

निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने आज सुबह 9 बजे से ही निगम क्षेत्र के जोन क्र. 4 शिवाजी नगर क्षेत्रान्तर्गत आने वाले तालाब छावनी में स्थित दर्री एवं लक्ष्मण नगर तालाब जोन 02 वैशाली नगर में स्थित रामनगर मुक्तिधाम केम्प–01 के सामने वाले तालाब एवं जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत शीतला तालाब एवं भेलवा तालाब का निरीक्षण किया। श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान तालाबो की साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहॉ पर सफाई का पूर्ण हो चुका है वहॉ चुने से लाईनिंग कार्य करें, तालाबों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करें, तथा तालाब के नीचे उतरने के लिए बनाये गये सिढ़ियों की सफाई अच्छी तरह से करायें ताकि पुजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर देवेन्द्र यादव ने शीतला तालाब में प्रकाश की व्यवस्था समुचित रुप से बना रहे उसके लिए आवश्यकता अनुसार हाई मार्क्स की लाईट लगाने के निर्देश दिये। तालाब भ्रमण के दौरान महापौर श्री यादव ने वार्ड के नागरिकों से निगम द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए स्वच्छता ही सेवा के संबंध में नागरिकों से अपील की कि वे घर से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में ही रखें तथा तालाब के अंदर या सड़क के किनारे न फेंके। वार्ड की समस्याओं से अवगत होते हुए उपस्थित जोनआयुक्तों को स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। निगम महापौर वार्ड के नागरिकों के साथ तालाब के चारों दिशाओं का स्वयं पैदल चलकर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

श्री यादव भेलवा तालाब नेहरु नगर में उपस्थित नागरिकों की मांग पर तालाग के भीतर कचरे की सफाई के लिए मछुवारों के द्वारा जाल डलवाकर तुरंत सफाई करने के निर्देश दिये। महापौर के निर्देशानुसार जाल के माध्यम से मछुवारों द्वारा कचरा निकालने का कार्य जारी हैं। भ्रमण के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव पार्षदगण जोहन सिन्हा, मनोज यादव, भुनेश्वरी देवी, जोनआयुक्त आर0के0 पदमवार, संजय बागड़े, सुभाष सिंह ठाकुर जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक यंत्री संजय अग्रवाल, सुनील दुबे , कुलदीप गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डे, धर्मेन्द्र मिश्रा, महेश मिश्रा, मलखान सिंह सोरी, रामायण सिंह, विनोद शुक्ला उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई